छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी–अप्रैल,2020 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 28 फरवरी, 2020 (फाल्गुन 9, 1941)

समय 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे।

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) डॉ. रमन सिंह, सदस्य, सिलतरा चौकी में पुलिस अभिरक्षा में एक व्यक्ति की मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(2) सर्वश्री सौरभ सिंह, देवव्रत सिंह, सदस्य, नगर पालिका परिषद चांपा क्षेत्र अंतर्गत हसदेव पुल से घटौली चौक तक सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य में अनियमितता किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(3) सर्वश्री अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल, सदस्य, दंतेवाड़ा जिले के पातररास कन्या शिक्षा छात्रावास में छात्रा के प्रसव की घटना घटित होने की ओर आदिम जाति विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

3. वित्तीय वर्ष 2019–2020 के तृतीय अनुपूरक अनुमान की अनुदान मांगों पर मतदान

निर्धारित समय

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :–

दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या – 1, 3, 4, 7, 8, 11, 12, 13, 14, 20, 21, 24, 28, 30, 32, 33, 34, 39, 41, 42, 54, 55, 64, 65, 71 एवं 81 के लिये राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर **एक हजार छः सौ पच्चीस करोड़, पैंसठ लाख, इकसठ हजार, छः सौ रूपये** की अनुपूरक राशि दी जाये।

3 घंटे

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ विनियोग (क्रमांक–1) विधेयक,2020 (क्रमांक 1 सन् 2020) का पुरःस्थापन करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाये।

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खंडशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाये।

क्रमशः 2

5. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय		
1 घंटा	(1)	श्री कुंवर सिंह निषाद, सदस्य, निम्नलिखित, संकल्प प्रस्तुत करेंगे :- यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "छत्तीसगढ़ में निवासरत देवार एवं बेलदार जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाय।"
30 मिनट	(2)	श्री देवेन्द्र यादव, सदस्य, निम्नलिखित, संकल्प प्रस्तुत करेंगे :- यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "बिलासपुर - नागपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 12855 का स्टॉपेज भिलाई पॉवर हाऊस किया जाय।"
1 घंटा	(3)	श्री शिशुपाल सोरी, सदस्य, निम्नलिखित, संकल्प प्रस्तुत करेंगे :- सदन का यह मत है कि "यातायात नियमों से संबंधित विषय को प्रदेश के शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किया जाय।"

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

रायपुर,
दिनांक 27 फरवरी, 2020